खबर संक्षेप

### विहिप का अभ्यास वर्ग संपन्न



**परासिया :** रविवार को विश्व हिंदू परिषद महाकौशल प्रांत जिला परासिया का दो दिवसीय अभ्यास वर्ग उत्सव का समापन परासिया के एक लान में हुआ। अभ्यास वर्ग के समापन सत्र में संगठन से जुड़ी अचार पद्धति एवं देश में चल रही धर्मांतरण की घटना एवं समरसता के विषय में विस्तृत जानकारी संगठन के पदाधिकारियो के द्वारा कार्यकर्ताओं को दी गई ।अभ्यास वर्ष के समापन में सभी प्रखंड से आए प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड संयोजक जिला के सभी दायित्व मान सैंकड़ो कार्यकर्ताओं के अलावा कार्यक्रम अध्यक्ष डहेरिया मेहरा समाज के ब्लॉक अध्यक्ष विमल डेहरिया , विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष हरपाल सिंह , प्रांत सह मंत्री श्रीमती शशि , विभाग मंत्री ऋषि राज बैस , विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गोलू नितेश सूर्यवंशी , जिला उपाध्यक्ष भोलू चौधरी , जिला संयोजक राधेश्याम यदुवंशी , जिला सहसंयोजक गगन साहू , जिला सहसंयोजक दिनेश यदुवंशी की गरिमामय उपस्थिति रही ।

### कलेक्टर ने आयोजित समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश, अधिकारियों को लगाई फटकार

# अतिक्रमण की शिकायतों पर कार्यवाही नहीं होने पर कटेगा डिप्टी कमिश्नर का वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में सीएम हेल्पलाइन, सीएम कार्यालय, सीएम हाउस, विभिन्न आयोगों, वरिष्ठ कार्यालयों एवं न्यायालयों से जुड़े लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। साथ ही विभिन्न समसामयिक एवं अंतर्विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों पर लगातार कार्य करते हुए विभाग प्रमुख प्राथमिकता से उनका त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें, जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार हो। उन्होंने स्वास्थ्य, स्कूल शिक्षा, जनजातीय कार्य जैसे बड़े विभागों को निर्देशित किया कि वे समस्त शिकायतों को संतोषजनक रूप से बंद करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों की गुणवत्ता के साथ ही समाधान का स्थायित्व भी महत्वपूर्ण है।

बैठक के दौरान पार्वती नगर एवं संस्कार कॉलोनी क्षेत्र में शासकीय नाले की भूमि पर अवैध रूप से शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और बेसमेंट निर्माण किए जाने की शिकायतों पर कार्रवाई न होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर का वेतन रोकनेके निर्देश दिए।



### 89 शासकीय सेवकों को सौंपे पेंशन प्राधिकार पत्र

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा समय सीमा की बैठक में लगातार दिए जा रहे निर्देशों और समीक्षा का परिणाम है कि जिले में सेवानिवृत्त हो रहे शासकीय सेवकों को समय पर पेंशन प्राधिकार पत्र (पीपीओ) सम्मान पूर्वक वितरण का कार्य फरवरी माह से पुनः प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में आज 14 जुलाई 2025 को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में जुलाई माह 2025 में सेवानिवृत्त हुए विभिन्न विभागों के 89 शासकीय सेवकों को कलेक्टर श्री सिंह द्वारा सम्मानित किया गया तथा स्वयं अपने हाथों पीपीओ वितरित किए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने पेंशनर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अतीत में पेंशन प्राप्त करने में जो कठिनाइयां आती थीं।

### स्टॉप डायरिया कैंप सह दस्तक अभियान की तैयारी के दिए निर्देश

शासन के निर्देशानुसार 22 जुलाई से 16 सितंबर तक चलने वाले ₹स्टॉप डायरिया कैंप₹ सह दस्तक अभियान के सफल संचालन के लिये भी दिशा-निर्देश जारी किए गए। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को बीएमओ के साथ बैठक आयोजित कर अभियान की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए।

### एक पेड़ मॉ के नाम अभियान में सभी विभाग करें अधिक से अधिक पौधारोपण

कलेक्टर श्री सिंह ने एक पेड़ मॉ के नाम अभियान को गति देने के लिए सभी विभागों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के निर्देश दिए और कहा कि सभी अधिकारी स्वयं भी रोपण कर इसकी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें।

### मोती पालन नवाचार के लिए कलेक्टर श्री सिंह को मत्स्य विभाग ने दिया धन्यवाद

ग्राम पालाचौरई (जून्नारदेव) में श्री स्व-सहायता समूह द्वारा तालाब में प्रारंभ किए गए मोती पालन नवाचार के लिए महिलाओं को 12 जुलाई को भोपाल में निषादराज सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया था। इस पहल के मार्गदर्शक कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह को आज हुई बैठक में मत्स्य विभाग द्वारा विशेष रूप से धन्यवाद दिया गया। समय सीमा की बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, प्रभारी एडीएम श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री राहुल कुमार पटेल व श्री रमेश कुमार मेहरा, उप संचालक सामाजिक न्याय श्री पी.राजौदिया सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अन्य एसडीएम, तहसीलदार सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी से जुड़े थे।

### होम स्टे का किया औचक निरीक्षण

## पर्यटन ग्राम धूसावानी में कलेक्टर ने लगाई चौपाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने गत दिवस विकासखंड तामिया के पर्यटन ग्राम धूसावानी का औचक निरीक्षण किया और यहां पर्यटकों को दी जा रही सुविधाओं, स्वच्छता और अन्य गतिविधियों को देखा। इस दौरान उनके साथ सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार भी उपस्थित रहे। होम स्टे के निरीक्षण के बाद उन्होंने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्यों को सुना और तत्काल निराकरण के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। होम स्टे में पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधा, स्वच्छता और स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था को और अच्छा करने के सुझाव दिए।

पर्यटन ग्राम धूसावानी में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बनवाए गए होम-स्टे में पहुंचकर उन्होंने यहां रूके पर्यटकों से बातचीत की और उनके अनुभव को जाना। साथ ही कलेक्टर श्री सिंह ने धूसावानी आने वाले पर्यटकों को करवाई जाने वाली एक्टिविटी के बारे में जाना और उस ट्रेक को देखा, जहां से पर्यटकों को ट्रेकिंग करवाई जाती है। कलेक्टर श्री सिंह ने इस ट्रेक पर पौधरोपण करने का सुझाव दिया। करीब तीन घंटे तक गांव में रहे कलेक्टर श्री सिंह ने पर्यटन एक्टिविटी को बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**गांव में लगाई चौपाल** - निरीक्षण के बाद कलेक्टर श्री सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री कुमार ने पर्यटन ग्राम धूसावानी में चौपाल लगाई और ग्रामीणों से समस्याएं सुनीं। कुछ समस्याओं का मौके पर मौजूद जुन्नारदेव एसडीएम सुश्री कामिनी ठाकुर, तामिया तहसीलदार श्री उमराज वालरे के जरिए मौके पर ही निराकरण किया गया।

## शहर सौंदर्यीकरण हेतु महापौर से मिले इनरव्हील क्लब के सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

वैश्विक महिला संगठन इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने सोमवार को नगर निगम छिंदवाड़ा महापौर विक्रम अहके से भेंट कर शहर के समग्र की स्वच्छता एवं सौंदर्यकरण में अपनी भागीदारी हेतु भेंट की। इस दौरान इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्वेता घई, रोहिनी मेनन, नीतू जुनेजा, पूजा खंडेलवाल एवं चांदनी पाटनी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।



इनरव्हील क्लब ने नगर निगम के साथ मिलकर सार्वनिक स्थलों, विद्यालय महाविद्यालय एवं मुख्य बाजारों में स्वच्छता अभियान चलाना, नगर निगम के किसी उद्यान अथवा पार्क को वाटिका के रूप में विकसित करना, चिन्ना अंकित स्थलों पर पौधारोपित कर उसमें साइन बोर्ड लगाना एवं उसकी देखभाल करना सहित अन्य कार्य करने की मंशा जाहिर की है।

## बुधवार को शहर की जल आपूर्ति होगी प्रभावित

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर दिनांक 16 जुलाई को ग्रेवर्टी मुख्य लाइन का संधारण किया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ ही 11 एमएलडी डब्ल्यूटीपी प्लांट में भी आवश्यक कार्य किया जाना है। जिससे नगर निगम के सब्जी मंडी क्षेत्र, चौकसे कॉलोनी, पंचशील कॉलोनी, देवरे कॉलोनी, सिविल लाइन क्षेत्र, शक्ति नगर गीता नगर, इमलीखेड़ा क्षेत्र, शनिचरा पानी टंकी से जुड़े समस्त क्षेत्र, चर्च कंपाउंड, चित्रकूट कॉम्प्लेक्स, सुभाष कॉलोनी सहित वार्ड क्रमांक 33 के अन्य क्षेत्र, शांतिपुरा एवं काबरा कॉलोनी में दिनांक 16 जुलाई को जल आपूर्ति प्रभावित होगी।

## श्री राम मंदिर में प्रतिदिन हो रहा रूद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शहर के हृदय स्थल में स्थित श्री राम मंदिर में श्रावण माह में प्रतिदिन रूद्राभिषेक कराया जा रहा है। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु अभिषेक के लिए पहुंच रहे है। सत्यधर्म मंडल श्री राम मंदिर समिति के सचिव सतीश दुबे लाला ने बताया कि सावन के प्रथम सोमवार को मंदिर समिति द्वारा बाबा अमरनाथ की प्रतिकृति शिवलिंग बनाई गई। इसके साथ ही सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण की झांकी भी बनाई गई। जिसका पूजन एवं दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मंदिर समिति द्वारा प्रतिदिन दिन यजमानों से अभिषेक कराया जाता है अभिषेक के लिए मंदिर के पुजारी पंडित नंदकिशोर शास्त्री से संपर्क करके निशुल्क पंजीयन कराया जा सकता है।



## तालाब में मोती, हाथों में आत्मनिर्भरता की चमक

### पालाचौरई की महिलाओं को मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पालाचौरई की श्री स्व-सहायता समूह को तालाब में मोती पालन जैसी अभिनव आजीविका गतिविधि के लिए दिनांक 12 जुलाई 2025 को भोपाल में आयोजित निषादराज सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान समूह द्वारा किए गए नवाचार एवं सफल क्रियान्वयन की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया। यह नवाचार कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह की विशेष पहल पर प्रारंभ किया गया, जो राज्य में मोती पालन की शुरुआत का पहला प्रयोग भी है। ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में संभावनाओं को तलाशते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने पारंपरिक तालाबों का वैज्ञानिक उपयोग करते हुए मोती उत्पादन जैसी उच्च मूल्य की गतिविधि को बढ़ावा देने की योजना तैयार की। इसी क्रम में ग्राम पालाचौरई की श्री स्व-सहायता समूह को चिन्हित कर, कृषि विज्ञान केंद्र चंदनगांव के तकनीकी सहयोग से अक्टूबर 2024 में तालाब में मोती पालन की शुरुआत कराई गई।

प्रशासनिक सहयोग, वैज्ञानिक मार्गदर्शन और समूह की मेहनत से यह पहल जल्दी ही सफलता की ओर अग्रसर हुई। इससे महिलाओं को न केवल आय का नया साधन मिला, बल्कि आत्मनिर्भरता और सामाजिक पहचान की भी एक नई राह खुली।

समूह की इस अनोखी कोशिश को स्थानीय से लेकर राज्य स्तर तक व्यापक सराहना मिली। इसी नवाचार की उपलब्धि के रूप में भोपाल में आयोजित निषादराज सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा समूह को सम्मानित किया गया। यह सम्मान न केवल महिलाओं की मेहनत का प्रतिफल है, बल्कि कलेक्टर श्री सिंह की दूरदर्शिता और छिन्दवाड़ा जिले की नवाचार क्षमता का प्रमाण भी है।

## नगरपालिका को मिली नई जेसीबी मशीन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौंसर

सोमवार को नगर पालिका सौसर को लंबे समय एक नई जेसीबी मशीन प्राप्त हुई है,जिसका विधिवत पूर्व शिक्षामंत्री नाना मोहोड़ ने पूजन कर शुभारभ किया,इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष सुरेखा इंदरचंद डागा, उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे मुख्य नगर पालिका अधिकारी मौसम पालेवाल, आदि प्रमुखता से उपस्थित थे। लंबे समय से नगर में होने वाले विभिन्न कार्यों को लेकर जेसीबी की कमी महसूस की जा रही थी जिसे नगर पालिका परिषद सौसर के द्वारा पूरा किया गया। इस दौरान पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री नाना मोहड ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा निरंतर ग्राम पंचायत से लेकर तो नगर पंचायत का सर्वांगीण विकास और उसमें संसाधन कैसे उपलब्ध हो सकते इसके लिए कार्य कर रहे हैं, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सौसर नगर के अलावा संपूर्ण विधानसभा का विकास हो रहा है। इस दौरान नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## अभाविप ने मनाया 77वां स्थापना दिवस

### राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह, हुई नवीन कार्यकारिणी की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन जो पिछले सात दशकों से छात्र हित एवं राष्ट्र हित में कार्य करते आ रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 77वां स्थापना दिवस जिससे सम्पूर्ण भारत वर्ष में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया है। एबीवीपी का उद्देश्य छात्रों को राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाना है और छात्रों के व्यक्तिगत और सामूहिक विकास के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

एबीवीपी छात्रों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति की भावना का विकास करता है और सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। एबीवीपी छात्रों की समस्याओं को सरकार और प्रशासन तक पहुँचाता है और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयास करता है। विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अभाविप चौरई नगर इकाई द्वारा 14 जुलाई को चौरई स्थित संतुष्टि लॉन में प्रतिभा सम्मान समारोह एवं नगर कार्यकारिणी की घोषणा की गई । जिसमे विशेष अतिथि के रूप में SDM प्रभात मिश्रा, SDOP श्रीमति भारती जाट , अभाविप जिला संगठन मंत्री श्रीमान सत्यम मानिकपुरी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचस्थ जैनों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।तत्पश्चात विशेष अतिथि एस डी एम प्रभात मिश्रा द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने छात्र जीवन में किए संघर्षों को याद किया एवं अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को संघर्षों से निरन्तर सीखते रहने की बात कही । उसके उपरांत SDOP श्रीमति भारती जाट ने कहा कि जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित करने वाली तेजी से विकसित होती टेक्नोलॉजी के साथ स्वयं को अपडेट रखकर कड़ी मेहनत से स्वयं को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है एवं उसके पश्चात अभाविप संगठन मंत्री श्री सत्यम मानिकपुरी जी ने अपने उद्बोधन के माध्यम से विद्यार्थी परिषद की 7 दशकों की ध्येय यात्रा से जन मानस को अवगत करा।



### परासिया के राम मंदिर से प्रारंभ हुई कांवड़ यात्रा, श्रद्धालुओं ने लिया भाग

## कांवड़ लेकर निकले शिव भक्त, बम-बम भोले के जयकारों से गूंजा कोयलांचल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व सांसद नकुलनाथ की धार्मिक भावनाओं के अनुरूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परासिया के द्वारा कांवड़ यात्रा निकाली गई, जिसमें परासिया सहित जिलेभर से आए कांग्रेस के वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण व कार्यकर्तागण सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन सम्मिलित हुए।

भगवान शिव के प्रिय मास सावन की शुरुआत हो चुकी है और चारों ओर बम-बम बोले के जयकारे लगाए जा रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कांवड़ यात्रा करने से भगवान शिव काफी प्रसन्न होते हैं और जीवन में सुख, शांति व समृद्धि बनी रहती है। परासिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र में सुख, शांति व समृद्धि की कामना के लिए कांवड़ यात्रा की। परासिया राम मंदिर से पवित्र माह सावन के प्रथम सोमवार को कांवड़ यात्रा निकाली गई जो निर्धारित मार्गों से होते हुए हिंगलाज मंदिर पहुंची, सर्वप्रथम शिव भक्तों ने विधि विधान से पूजा-अर्चना की जिसके पश्चात कांवड़ यात्रा प्रारंभ हुई। यात्रा मार्ग में शिव भक्तों के भीतर खासा उत्साह देखने को मिला।



श्रीराम मंदिर परासिया में अपने पूर्व निर्धारित समायनुसार जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन, विधायकगण सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण श्रद्धालुजन एकत्रित हुए। विधि विधान से पूजन- अर्चन के उपरांत कांग्रेसजन कांधों पर कांवड़ लेकर भोले के जयकारे लगाते हुए निर्धारित मार्गों से रवाना हुए। चांदामेटा, बड़कुही, इकलहरा व अम्बाड़ा होते हुए कांवड़ यात्रा हिंगलाज माता मंदिर पहुंची। सम्पूर्ण मार्ग में कांवड़ यात्रियों के साथ क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त जन जुड़ते गए और कारवा बढ़ता गया। भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन कांवड़ियों का जगह-जगह सभी सामाजिक लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। देर शाम हिंगलाज माता मंदिर पहुंचे कांवड़ियों ने जल अर्पित कर माता रानी के चरणों में माथा टेका और विशेष पूजन अर्चना की। उपस्थित भक्तजनों ने छिन्दवाड़ा व पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र के लिए सुख, शांति व समृद्धि की कामना की साथ ही क्षेत्र के विकास व उन्नति के लिए आशीर्वाद मांगा।

आयोजित कांवड़ यात्रा में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद राय, विधानसभा प्रभारी राजीव तिवारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीक, जामई विधायक सुनील उइके, इंद्रपाल पटेल, कमल राय, गोविंद बिजौलिया, मानक बेलवंशी, धनश्याम तिवारी, गोलू पटेल, एकलव्य याहके, गगन खंडूजा, गुड्डा यदुवंशी आदि मौजूद रहे।

## नशे से दूरी जरूरी अभियान की शुरूआत आज से

**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अजय पांडे के निर्देशन में जिले में संचालित होगा नशा विरोधी प्रदेश स्तरीय जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक राज्य के समस्त जिलों में संचालित होगा। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में नशीले पदार्थों के बढ़ते उपयोग और उसके दुष्परिणामों के प्रति समाज को जागरूक करने हेतु ₹नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान का आयोजन 15 जुलाई से 30 जुलाई तक किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य युवाओं को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखना, नशे की तस्करी एवं अवैध व्यापार पर नियंत्रण, और समाज के सभी वर्गों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना है। पुलिस विभाग इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, साथ ही अन्य विभागों, सामाजिक संस्थाओं, एनजीओ और शिक्षा संस्थानों का सहयोग भी लिया जा रहा है।अभियान के अंतर्गत मुख्य गतिविधियाँ – रेडियो/एफएम रेडियो प्रसारण द्वारा जन-संदेशों का प्रचार। सार्वजनिक स्थलों पर बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स का प्रदर्शन। प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया (**#SayNoToDrugs**, **#NashaSeDoorHaiJaruri**) के माध्यम से व्यापक प्रचार। स्वच्छता वाहनों, हेल्थ पोर्टल्स, सेल्फी प्वाइंट्स, और ई-शपथ के माध्यम से जन-सहभागिता।₹शैक्षणिक संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों, छात्रावासों, धार्मिक स्थलों, एवं सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन। व्यापारिक वर्ग, खेल कोच, सेलेब्रिटीज, सोशल इन्फ्लुएंसर्स की भागीदारी। मोटिवेशनल टॉक, वीडियो क्लिप्स, शॉर्ट फिल्म्स एवं प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन-जागरूकता।




## कंपनी और प्रशासन के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे, कंपनियां कर रही है ग्रामीणों के जीवन से खिलवाड़

# जहरीले पानी पर प्रशासन नहीं कर रहा कार्यवाही, दिया धरना




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

औद्योगिक क्षेत्र के गावो में निवास करने वाली महिलाओं का गुस्सा औद्योगिक प्रबंधन के कंपनियों से निकलने वाले दूषित पानी गंदी बदबू को लेकर सोमवार को फूट पड़ा, आक्रोशित महिलाओं ग्रामीणों ने कंपनियों से निकलने वाले केमिकल युक्त पानी, गंदी बदबू को लेकर लगभग 4 घंटे तक औद्योगिक इकाई गुलशन पॉलीमर्स कंपनी गेट के सामने जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान महिलाओं एवं कंपनी प्रबंधन पुलिस के बीच कई बार झड़प हुई। मिली जानकारी के अनुसार विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्राम कबर पिपला,सावंगा, ब्राम्हण पिपला,तिनखेड़ा आदि ग्रामों के ग्रामीणों एवं महिलाओं के द्वारा औद्योगिक इकाइयों द्वारा छोड़े जा रहे दूषित पानी,कंपनियों की दुर्गंध की समस्या से निजात दिलाने सौसर प्रशासन के साथ कंपनी प्रबंधन को भी आड़े हाथों लिया है। कंपनी गेट के बाहर चल रहे है धरना प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। सौसर तहसीलदार भावना मलगाम की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन में कंपनी प्रमुखों द्वारा पानी फिल्टर प्लांट स्थापित करने और नाले में प्रदूषित पानी नही छोड़ने का आश्वासन देने के बाद धरना आंदोलन समाप्त हुआ है। कंपनियां परोस रही जहर प्रशासन नहीं कर रहा कार्यवाहीबोरगाव की औद्योगिक इकाइयों से सालों से निकल रहे केमिकल युक्त दूषित पानी गंदी बदबू और परेशानी को लेकर सैकड़ो बार ग्रामीनो द्वारा सौसर से लेकर भोपाल विधानसभा तक आवाज उठाई गई है।

बावजूद इसके प्रशासन के द्वारा कोई ठोस कार्रवाई कंपनीयो पर नहीं हो रही है।31 जनवरी को विधायक विजय चौरे ने ग्रामीणों के साथ में रेमंड चौक में धरना प्रदर्शन,और सौसर तहसील कार्यालय का घेराव भी किया गया था, धरना आंदोलन को एसडीएम सिद्धार्थ पटेल के द्वारा आश्वासन दिया था, समस्या जस की तच बनी है,हर बार प्रशासन के द्वारा ग्रामीणों को आश्वासन का झुनझुना देकर शांत किया जा रहा है।

चर्चा के दौरान जनपद पंचायत सदस्य विल्सन मैन्युअल ने बताया प्रशासन, कंपनी प्रबंधन की जमकर साठगांठ है,जिसके कारण कंपनियां पर प्रशासन कार्रवाही नहीं कर रहा है,इस दूषित केमिकल युक्त पानी से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु, जानवर, मछलियां मर रही है,बच्चों महिलाओं एवं बुजुर्गो के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आंदोलन के दौरान रेशमा बागड़े, रामशिला सूर्यवंशी, छाया चंदनकर,आदि ने एक सुर में कहा कि अगर 7–8 दिनों के भीतर कंपनियों द्वारा पुनः नाले में प्रदूषित पानी छोड़ा जाता है, तो हम सब नाले को बंद कर रेमंड चौक पर नेशनल हाईवे जाम करेंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन–प्रशासन की होगी,एथेनॉल की कंपनियो पर प्रशासन करे कार्यवाही..इस दौरान विधायक विजय चौरे ने कहा कि बोरगाव की एथेनॉल की कंपनिया नदी नालों में जहर घोल रही हैं। इससे सभी लोग परेशान है।

बोरगाव क्षेत्र में शाम के 5 बजे के बाद महिलाएं बच्चे खाना नही खा सकते हैं,इतनी भयानक बदबू आती है। कंपनियों द्वारा छोड़े जा रहे केमिकल युक्त दुषित पानी से इतनी दुर्गंध आती है,की लोगों को सांस की बीमारियां हो रही है। आंदोलन में पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष युवराज जिचकार, श्रीमती विमल चौधरी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, सरपंच बोरगाव पंकज दातारकर,उपसरपंच घनश्याम कालबांड़े,नीलीमा पाटिल, कामगार नेता शिवमोहन शर्मा, गणेश चौरे,योगेश जिचकार रमेश कड़क, हर्षल पिंघले, गुलशन गजभिए,अभी रगारे, अक्षय जामगड़े,आदि थे।

## एक पेड़ अपने परिजनों के नाम

**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा एक पेड़ अपने परिजनों के नाम से वृक्षारोपण अभियान सुनिश्चित किया गया जिसमें हम और आप अपने प्रियजन को खो देते है तो हम अक्सर उनकी पुण्यतिथि(स्मृति) को सम्मानित करने के सार्थक तरीके खोजते है। हम अपने प्रिय परिजनों से जुड़ाव महसूस करने का तरीका उनके नाम से जुड़ाव महसूस करने का तरीका उनके नाम से एक पेड़ लगाना भी एक प्रभावशाली श्रद्धांजलि होगी यह याद आशा और नवीनीकरण का जीवित बढ़ता हुआ प्रतीक होगा जो साल दर साल फलता फूलता रहेगा। यह एक अंतरमन का इशारा है , जो बहुत कुछ कहता हैं। यह एक अकेला पेड़ जो कि जीवन में प्रेम और विरासत एवं प्रकृति की एक शांत लेकिन शक्तिशाली याद के रूप में सदैव खड़ा रहेगा । वृक्षारोपण स्थान मोक्षधाम दमुआ होगा इस अभियान के माध्यम से टी गार्ड बनवाकर पेड़ लगवाना चाहते हो तो आप समिति अध्यक्ष श्री रवि शंकर साहू जी से गरीब भोज परिसर दमुआ में संपर्क कर सकते है।

## कॉलेज में दो हजार विद्यार्थी करेंगे शिक्षा ग्रहण

**जुन्नारदेव।** नगर के बस स्टैंड रेलवे स्टेशन से 2 किलोमीटर दूर वनग्राम काली माटी में शासकीय महाविद्यालय है। इस महाविद्यालय में लगभग 2000 विद्यार्थी रेगुलर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इनमें 50% से 60 प्रतिशत छात्राएं दूर दराज के इलाकों से पैदल कॉलेज पहुंचती हैं। पैदल आने-जाने में सुरक्षा की दृष्टि से बालिकाऐं अपने आप को असुरक्षित महसूस करती हैं। कॉलेज पहुंचने वाली इन बालिकाओं के लिए एवं छात्रों के लिए कॉलेज पहुंचाने हेतु बस सेवा शुरू करने की मांग विगत वर्षों से की जा रही है। लेकिन इस दिशा में कॉलेज प्रबंधन जनभागीदारी समिति स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आज तक कोई पहल नहीं की है। जबकि नई शिक्षा नीति के तहत सुदूर अंचलों से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए बस सेवा प्रदान करने का प्रावधान है। इसी के तहत प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों को बस सेवा शुरू करने के आदेश दिए गए थे। क्षेत्र वासियों ने प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस की तरह जुन्नारदेव कॉलेज के विद्यार्थियों को भी बस सेवा की सुविधा उपलब्ध कराने की माँग रखी है।

## आसाराम जी के खिलाफ आदेश करने वाले जज की संपति की जांच हो: स्वामी राकेशानन्द



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

इन दिनों जनसेवा हिताय संगठन के तत्वावधान में एस एफ गेट के पास शनि पिपलेश्वर मंदिर में 7 दिवसीय भागवत कथा स्वामी राकेशानन्द जी के सानिध्य में सम्पन्न हो रही हैं। जिसमें सैकड़ों लोग प्रतिदिन कथा का पुण्य लाभ अर्जित कर रहे है ।

इस अवसर पर स्वामी जी ने मीडिया को बताया कि आजकल सनातन संस्कृति के रक्षक सन्तों को चुन चुन कर निशाना बनाया जा रहा है । सन्त श्री आशाराम जी बापू पर जोधपुर सेशन कोर्ट के जज मधुसूदन शर्मा और गांधीनगर सेशन कोर्ट के जज D K सोनी ने बिना सबूतों के उम्रकैद की सजा सुनाई है । उनकी संपत्ति की जांच होनी चाहिए । माननीय सुप्रीम कोर्ट ने कुछ वर्ष पहले एक सर्कुलर जारी किया था कि सभी न्यायाधीश अपनी - अपनी सम्पति का ब्यौरा बेबसाइट पर सेंट करे । सुप्रीम कोर्ट का आदेश सभी के लिए बन्धनकारी होता हैं । पर आज तक बहुत से न्यायाधीशों ने स्वयं की सम्पति का ब्यौरा नहीं दिया है । उसमें से जोधपुर सेशन कोर्ट के न्यायाधीश मधुसूदन शर्मा और अहमदाबाद गांधीनगर के सेशन कोर्ट के न्यायाधीश डी के सोनी भी हैं । इन जजों के इस कृत्य से माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश की अवहेलना हो रही हैं। साथ ही ये दोनों जज संदेह के घेरे में आ रहें हैं । सन्त आसाराम जी को सजा सुनाने वाले जोधपुर सेशन जज मधुसूदन शर्मा को तुरंत जयपुर उच्च न्यायालय का रजिस्टार बना दिया जाता है जो विधि के विपरीत है ।

हमने देश भर के संत समाज के साथ मिलकर सनातन बोर्ड के गठन की भी माँग की है । श्री देवकीनंदन ठाकुर जी के साथ दिल्ली में शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन किया है और बागेश्वरधाम के धीरेंद्र शास्त्री जी के साथ हिन्दू राष्ट्र की मांग की । हमारी सरकार से यह भी मांग है कि सभी उच्च अधिकारी वर्ग , समस्त जनप्रतिनिधियों , केंद्रीय मंत्री और राज्य सरकार के सभी मंत्री अपनी अपनी सम्पति का ब्यौरा बेबसाइट पर सेंट करे।

## विद्युत पोल लगने से वार्डवासियों को मिलेगी बिजली



**जुन्नारदेव।** नगर पालिका वार्ड क्रमांक 02 की पार्षद एवं सभापति श्रीमती दीप्ति कांत साहू ने वार्डवासियों की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे को विद्युत पोल लगाने हेतु मांग पत्र सौंपा।दीर्घकाल से लंबित इस मांग को नगरपालिका अध्यक्ष ने गंभीरता से लेते हुए तुरंत संज्ञान में लिया और नगर पालिका परिषद द्वारा दो विद्युत पोल लगाने की स्वीकृति प्रदान की गई। नगर परिषद के अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित स्थानों पर विद्युत पोल स्थापित किए।जिससे क्षेत्र में रात्रिकालीन आवागमन और सुरक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार हुआ है। स्थानीय रहवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए पार्षद दीप्ति साहू एवं अध्यक्ष रमेश सालोडे का आभार व्यक्त किया। पोल स्थापना के अवसर पर वार्ड के नागरिक निखिल उपाध्याय, पूर्व पार्षद शरद कुरोलिया, भरत जोशी, पारस सोनिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षक संघ ने शिक्षामंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सौसर

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ मध्यप्रदेश की ओर से विभिन्न मांगों को लेकर तहसीलदार भावना मलगाम को सोमवार कोस्कूल शिक्षामंत्री मध्य प्रदेश शासन के नामज्ञापन सोपते हुये समस्याओं का समाधान करने की मांग की है।

अतिथि शिक्षकों ने बताया कि 16, 17 वर्षों से मध्यप्रदेश के शासकीय स्कूलों में अतिथि शिक्षक पूर्ण निष्ठा लगन और ईमानदारी के साथ अध्यापन कार्य कराते आ रहे हैं, जिन्होंने ने मध्यप्रदेश की शिक्षा मावस्था को उच्च स्तर तक पहुंचाने में अपने महत्वपूर्ण योगदान देकर उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम दिया है। किन्तु आज दिनांक तक इन अतिथि शिक्षस्त्रों का भविष्य सुरक्षित नहीं हुआ है। ज्ञापन में अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का सेवा काल 12 माह निरंतर पूर्ण वर्ष की जायें।जो अतिधि शिक्षक स्थानांतरण उच्च पद प्रभार अतिशेष पद संरचना में परिवर्तन दर्ज संख्या में परिवर्तन इत्यादि कारणों सेबाहर हुऐ हैं ऐसे पुराने अनुभवी अतिथि शिक्षकों का सर्वप्रथम अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर समायोजन किया जाऐ,रिक्त होने पर नया अभार्थी पृथक से शाला चयन की प्रक्रिया पूर्ण की जायें।

गुरुजी या अध्यापक संवर्ग का पद दिया जावेनियमित शिक्षकों की तर्ज पर अतिथि शिक्षकों को समस्त प्रकार के अवकाश की सुविधा प्रदान की जाएँ तथा ई अटेंडेंस का प्रावधान लागू नहीं किया जाऐ, जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई, इस दौरान संघ के प्रदीप यमदे, रा जेश बागड़े, मयूर अनुष्ठाने, श्याम डोंगरे, मेघा बोडखे, राजेन्द्र पिंपलकर,रवि कराडे, रवि तुपकर, मनिषा भांगे, शितल लिखितकर, मेधा बोडखे, संध्या काकोडिया, निलेश पिम्पलकर, रोशन बन्सोड़ आदि थे।

## बारिश के कारण जगह जगह पानी का रिसाव

**दमुआ।** जिला सहकारी बैक शाखा दमुआ की भवन 26 सितम्बर 2015 में निर्मित हुआ है जिसका निर्माण कार्य किसी ठेकेदार या ऐजेंसी के द्वारा किया गया हैं वह घटिया किस्म की बनाई गई है जिसके कारण भवन में जगह जगह पानी की रिसाव हो रहा है जिसके कारण बैक मे रखे कीमती उपकरण खराब होने का डर बना हुआ है तथा बैक कर्मचारी प्रबंधक सहित उपभोक्ता एवं किसान भाईयों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। सहकारी बैक के संबंधित उच्च अधिकारियो को इस ओर ध्यान देकर शीघ्र ही उचित व्यवस्था बनाकर समस्या का समाधान करने की मांग की गई है।

## मेहंदीवाड़ा स्कूल में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम मेहंदीवाड़ा के शासकीय हाईस्कूल में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री नेहा बाथरी की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए मजिस्ट्रेट नेहा बाथरी ने कहा मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य की जानकारी दीं? उन्होंने उपस्थित छात्राओं को वर्तमान समय में मोबाइल एवं सोशल मीडिया से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी प्रकार के अनजान एप को मोबाइल में डाउनलोड नहीं करें और ना ही सोशल मीडिया पर अधिक समय तक एक्टिव रहें। उन्होंने साइबर क्राइम एवं पास्को एक्ट के संबंध में उपस्थित छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जागरूकता शिविर में विद्यालय प्राचार्य व्ही.पी. पाण्डे, अनिरुद्ध दुबे, विद्यालय की शिक्षक/शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## बालाघाट से गोंदिया शहडोल एन एच 543 का कांग्रेस विधायक विवेक पटेल ने किया

# बारिश में सड़क नहीं बल्कि जनता का पैसा भी बह गया-विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मानसून की पहली ही बारिश ने बालाघाट से गोंदिया शहडोल एनएच 543 नेशनल हाईवे का हाल बेहाल हो गया है। इसकी दुर्दशा और गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बारिश के चलते मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों के साथ सडक़ के परखच्चे उड़ गए हैं। इस भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए कंपनी के अधिकारी अब थूक पॉलिश कर रहे हैं, जिससे जिलेवासियो में कम्पनी के खिलाफ आक्रोश दिखाई दे रहा हैं।

### वारासिवनी विधानसभा में भी टूट गई निर्माणाधीन नेशनल हाईवे की सडक़

विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम एकोड़ी, रेंगाटोला, भांडी, जागपुर से होकर गुजरने वाले एन एच 543 में किए गए सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। जिसमें उन्होंने पाया कि सडक़ के दोनों ओर के साइड सोल्डर पूरी तरह से धॅसक गए हैं, सडक़ बीच से टूट गई हैं और पुलों के दोनों तरफ बनाई पार भी धॅसक गई हैं। जिस कम्पनी द्वारा इस मार्ग का निर्माण किया जा रहा हैं, उसके द्वारा करोड़ो रूपये बचाने के चक्कर में पूरा निर्माण कार्य घटिया किया जा रहा हैं। मार्ग की थूक पालिश कर मरम्मत की जा रही हैं।

### घटिया निर्माण कार्य के विषय में विधानसभा सत्र में सरकार से पूछेंगे सवाल-विवेक पटेल

सडक़ निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि पहली बार हमारे जिले में 4 लेन सडक़ बन रही हैं, जो हमारे विधानसभा क्षेत्र के एकोड़ी, रेंगाटोला, जागपुर, भांडी से होते हुए गोंदिया की ओर जा रहा हैं। पहली ही बारिश में निर्माण कार्य की पोल खुल गई हैं, मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, साइड सोल्डर भी धॅसक गए हैं। बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ हैं, जिस कंपनी द्वारा इस हाईवे का निर्माण किया जा रहा हैं, उनके द्वारा मापदंडों को दरकिनार कर सडक़ का निर्माण किया जा रहा हैं। डायवर्सन रोड, पुलिया हो या सडक़ सभी में



गुणवत्ता का ध्यान बिल्कुल नहीं रखा जा रहा हैं।

### निर्माण की गुणवत्ता कमीशन से तय हो रही है

विधायक श्री पटेल ने कहा कि उच्च अधिकारियों द्वारा इस मामले की जांच की जानी चाहिए। बारिश में सडक़ नहीं बल्कि जनता का पैसा भी बह गया हैं, इस टूटे हाईवे ने भाजपा और भ्रष्ट सिस्टम की पोल खोल दी हैं। जहाँ निर्माण की गुणवत्ता कमीशन से तय होती हैं, ना की मानक से। सबका साथ, सबका विकास के नाम पर सिर्फ चंद ठेकेदारों को लाभ पहुँचाया जा रहा हैं और जनता के साथ विश्वासघात किया जा रहा हैं। जब तक भ्रष्टाचारियों पर सही कार्रवाई नहीं होगी, तब तक ऐसे हाईवे धॅसकते रहेंगे और जनता का पैसा खूब डूबता रहेगा। हमारे द्वारा विधानसभा सत्र में भी इस मुद्दे को उठाया जायेगा।

## केशव स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बच्चो व मॉ ने किया पौधारोपण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासन के आदेशानुसार स्कूल स्तर के विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जनजागृति लाने हेतु एक पेड़ माँ के नाम से लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प अभियान के तहत केशव इंग्लिश स्कूल में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा ने बताया कि एक पेड़ माँ के नाम एक अभियान हैं, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के लिए माताओं के सम्मान में पेड़ लगाना है। यह अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया है और इसका उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।

इसी कड़ी में केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा यशस्वी चौधरी ने माता परमेश्वरी चौधरी, लक्ष पारधी ने माता निर्मला पारधी, कृति बिसेन माता रितु बिसेन, स्वरा रजक माता उषा रजक, सेजल चौधरी माता गायत्री चौधरी, वेदांत कोल्हे माता रेखा कोल्हे, राजन्य पारधी माता शानू पारधी, चारू मात्रे माता सरिता मात्रे द्वारा फलदार वृक्ष आम, जाम, जामुन, नीम, ऑवला तथा अन्य औषधीय पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया गया।

# कोटेश्वर धाम में हजारों भक्तों ने किया शिव का जलाभिषेक

## सावन के पहले सोमवार पर शिवधाम पहुंचे भक्त



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** सारे संकटों को हर लेने वाले महादेव की उपासना के विशेष माह श्रावण मास के प्रथम श्रावण सोमवार पर आज नगर के काशीनाला तट पर स्थित कोटेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सुबह से ही शिवभक्तों की कतारें लगी देखनी मिली। भक्तों ने कतार में लगकर विधिविधान से भगवान कोटेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक कर पूजनपाठ किया। आज सावन का पहला सोमवार है और कावडिय़े शिवधाम पहुंच रहे हैं। यह दिन भगवान शिव को समर्पित है । सावन का पहला सोमवार, जिसे 'संकल्प दिवसÓ भी कहा जाता है, भक्तों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मान्यता है कि इस दिन शिवलिंग पर जल चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। इस पावन अवसर पर लांजी क्षेत्र में सावन के पहले सोमवार को शिवालयो में खासी भीड़ देखी गई। कोटेश्वर धाम में प्रथम सोमवार को हजारो भक्तों ने शिवधाम पहुंचकर, आस्था और विश्वास के साथ, भगवान शंकर के लिए लाए गए जल से जलाभिषेक किया। सावन में भगवान शिव का जलाभिषेक करने का पुण्य कमाने, कांवड़िए, सावन में प्रसिद्ध पावन स्थलों से जल लेकर आते है और भगवान शिव का जलाभिषेक करते है। बात करें सावन के सोमवार को होने वाले भगवान कोटेश्वर जलाभिषेक को लेकर, तो प्रतिवर्ष शिवभक्त कांवड़ यात्रा निकालते है। क्षेत्र के प्रसिद्ध स्थल चैली से भक्त भगवान के अभिषेक के लिए पावन जल लेकर लांजी कोटेश्वर धाम पहुंचते है और यहां भगवान का जलाभिषेक करते है, जैसे-जैसे, सावन के सोमवार आते है, भक्त बड़ी संख्या में भगवान कोटेश्वर का अभिषेक करने, चैली का जल लेने पहुंचते है। इस अवसर पर मंदिर परिसर में शिवभक्तों द्वारा श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण भी किया जा रहा है। इसी के साथ एकल अभियान संच लांजी द्वारा अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ भी किया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

**प्रथम सोमवार को भारी संख्या में शिवभक्त पंहुचे कोटेश्वर धाम:** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्रावण मास के प्रथम सोमवार को भारी संख्या में शिवभक्त कोटेश्वर धाम पंहुचकर भगवान कोटेश्वर के दर्शन कर पूण्य लाभ अर्जित किया तथा अनेको श्रृद्धालुओ के द्वारा अभिषेक पूजन अर्चन भी किया गया। वहीं कोटेश्वर मंदिर के अंदर लगे टीवी स्क्रीन में भक्तो के द्वारा अभिषेक पूजन श्रृंगार आरती के दर्शन लाभ लिये। श्रावण मास के प्रथम सोमवार लगातार बारिश की झड़ी भी देखी गई और इस लगातार बरसते पानी में भी हजारो श्रृद्धालु भक्त गण महादेव के दर्शन लाभ के लिये कोटेश्वर धाम पंहुचते नजर आये।

कोटेश्वर धाम में श्रावण मास पर लगातार भक्तों एवं कांवडिय़ो भीड़ नजर आती है खासकर श्रावण सोमवार के दिन जहां कोटेश्वर महादेव के दर्शनो के लिये लंबी कतारे नजर आती है साथ ही धाम परिसर के आस पास व्यवस्थाओं को लेकर भी शासन प्रशासन के द्वारा जायजा लिया गया।

## चहेली के जल से कावडिय़ों ने किया भगवान शिव का अभिषेक

# हर हर महादेव और बोलबम के जयकारों से गूंज उठी धर्मनगरी



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** श्रावण मास प्रारंभ होते ही लांजी के कोटेश्वर महादेव मंदिर में जो कि 108 उपलिंगो में से एक है यंहा श्रावण मास के प्रथम सोमवार को लांजी से 42 किमी दुर स्थित चहेली सीतापाला छोटी बाघ नदी के उद्गम से कावडिय़े कावंड़ लेकर नंगे पैर जंगल के कठिन रास्ते नदी नाले पार करते हुए सीतापाला जंगल, टिमकीटोला, रिसेवाड़ा, बम्हनवाड़ा, वारी, लोहारा, कालीमाटी, नीमटोला, लांजी को पार करते हुए कोटेश्वर मंदिर पंहुचे। इस अवसर पर सत्य सनातन सेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक अशोक कुमार शुक्ला भी अपने साथियों के साथ भगवान कोटेश्वर महादेव को जल चढ़ाने के लिये छोटी बाघनदी के उद्गम स्थल चहेली पहुंचे थे और वहां से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए कोटेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। कावड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों का जोश और जुनुन देखते ही बनता है। बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से पूरा नगर और मार्ग गुंजायमान हो चुका है। चारो और शिवभक्तों की टोली और कावडिय़े ही नजर आ रहे है।

**प्लास्टिक के पात्र उपयोग न करने की अपील:** कावड़ यात्रा के दौरान श्री सत्य सनातन सेवा संघ के राष्ट्रीय संरक्षक अशोक कुमार शुक्ला ने सभी शिवभक्तों से प्लास्टिक के पात्र पूजा कार्य में उपयोग न करने की अपील करते हुए कहा की प्लास्टिक के उपयोग पर केंद्र और राज्य सरकार को पूरी तरह प्रतिबंधित कर देना चाहिए। प्लास्टिक के पात्र में भगवान भोलेनाथ को न तो जल चढ़ाएं न दूध चढ़ाएं, क्योंकि वह उन्हें प्राप्त ही नहीं होता। इसके साथ ही श्री शुक्ला ने चहेली पहुंच मार्ग की स्थिति पर भी शासन-प्रशासन से ध्यान देने का आग्रह करते हुए उक्त मार्ग पर सीसी सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की ताकि शिवभक्तों को जल लाने में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने बताया की उदगम स्थल तक पहुंचने के लिये पांच नालों को पार करना पड़ता है। जिसमें कई भक्तों को परेशानियां होती है और कई लोग रास्ते में कीचड़ के कारण फिसलकर गिर जाते है।

**घने जंगलों और पांच नालों को पार करने के बाद मिलता है उदमम स्थल चहेली:** बताया जाता है कि लांजी क्षेत्र के रिसेवाड़ा के आगे गढ़माता मंदिर मार्ग पर मोड़ से शिवभक्त जल लेने चैली पहुंच मार्ग के लिए मुड़ते है जो काफी घना जंगल है, जहां से कच्चे रास्ते को पार करते हुए शिवभक्त, चैली पवित्र जल स्थल पहुंचते है और कांवड़ में जल लेकर लांजी में भगवान कोटेश्वर का जलाभिषेक करते है। वहीं चहेली पहुंचने के कच्चे और दुर्गम रास्ते को पार कर शिवभक्त शिव की उपासना के लिए जल लेने आते है। जिसमें शिवभक्तो में शिवभक्ति का जुनुन देखते ही बनता है।

## खबर संक्षेप

### नर्मदा नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के किंदरई थाना क्षेत्र में नर्मदा नदी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। व्यवहारी गांव के लोग सुबह नर्मदा नदी में स्नान करने जा रहे थे। गोघाट पहुंचने पर उन्हें शव दिखाई दिया। लोगों ने तुरंत किंदरई पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में शव करीब 15 दिन पुराना होने का अनुमान है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। किंदरई थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि मृतक की पहचान और उसके निवास स्थान की जानकारी जुटाई जा रही है। आसपास के थाना क्षेत्रों में भी शव मिलने के संबंध में फोटो और जानकारी दे दी गई है। ताकि जल्द शव की शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े साधकों की उन्नति के लिए संगठित योग साधना कार्यक्रम का आयोजन

**सिवनी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोनिया रोड भैरोगंज में स्थित शांति शिखर परिसर में ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े संपूर्ण सिवनी जिले के करीब 400 साधकों के लिए दो दिवसीय योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, योग साधना में रत भाई बहनों की आध्यात्मिक उन्नति के लिए और योग साधना को सहज और सरल बनाने के लिए विशेष माउंट आबू राजस्थान से ब्रह्माकुमारी गीता दीदी का आगमन हुआ,आपकी उपस्थिति में एवं शांति शिखर के शांत में वातावरण में सभी भाई बहनों ने गहन योग तपस्या करके आत्मऔर परमात्म अनुभूति की, यह कार्यक्रम ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी द्वारा आयोजित किया गया था ,ज्योति दीदी ने इस कार्यक्रम का लक्ष्य उद्देश्य बताते हुए कहा कि वर्तमान समय सारे विश्व में अस्थिरता का वातावरण है हर मन अशांत है ऐसे में राजयोग की साधना करने वाले हम सभी की जिम्मेवारी बनती है कि हम परमात्मा शिव से शक्ति लेकर पूरे विश्व में शुभ भावना शुभकामना के प्रकंपन फैलाएं।

# शहर मे आवारा पशुओं का जमावड़ा नागरिक हो रहे परेशान, जिम्मेदार मौन

**शहर में इन दिनों आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ रहा है। सड़क पर दिनभर गायों और अन्य मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे न केवल यातायात प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्थानीय निवासियों और पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



यह विडंबना ही है कि शहर के सबसे प्रमुख और पॉश इलाकों में छिंदवाड़ा चौक,नागपुर रोड, छिंदवाड़ा रोड, बारापत्थर, जहां शासकीय कार्यालय, प्रतिष्ठित दुकानें और आवासीय परिसर स्थित हैं, वहीं आवारा पशुओं की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। सड़क के बीचोबीच बैठे या घूमते ये पशु अक्सर यातायात बाधित करते हैं, जिससे छोटे-मोटे हादसे होने का खतरा भी बना रहता है। विशेषकर सुबह और शाम के समय, जब लोगों की आवाजाही अधिक होती है, यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने इस संबंध में कई बार नगर पालिका प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। पशुओं को हटाने और उनके लिए उचित व्यवस्था करने की मांग लगातार की जा रही है, यहां के लोगों को इस समस्या से निजात मिल सके।

प्रशासन की उदासीनता के कारण सिवनी के हृदय स्थल पर ऐसी स्थिति उत्पन्न होना चिंता का विषय है। नागरिकों ने एक बार फिर प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की अपील की है।

### महाकालेश्वर मंदिर बोरदेही टेकरी मे हो रहा शिव अभिषेक

## भगवान भोलेनाथ महाकाल हैं उनकी पूजा से अकाल मृत्यु का संकट भी दूर हो जाता है

महाकालेश्वर मंदिर बोरदेही टेकरी श्रावण महीने में महाकालेश्वर धाम में प्रतिदिन भोलेनाथ का अभिषेक निरंतर चल रहा है श्रावण मास भगवान भोलेनाथ को अत्यंत प्रिय है रुद्राभिषेक करने का महत्व माना जाता है कि श्रावण मास के



महीने में रुद्राभिषेक करने से कई जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं भगवान शिव के रुद्राभिषेक से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है साथ ही ग्रह दोष भी दूर होते हैं भगवान शिव के पंचाक्षरी मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करते हुए रुद्राभिषेक करने से इसका पूर्ण लाभ मिलता है रुद्राभिषेक करने से परिवार में सुख शांति और सफलता आती है अभिषेक में भगवान शिव का दूध से अभिषेक करने का विशेष महत्व है जिससे संतान की प्राप्ति करने की इच्छा पूरी होती है वही दही से अभिषेक करने पर कार्यों में आ रही बाधाऐ दूर हो जाती हैं गंगाजल नर्मदा जल मधु घी गन्ने का रस इन सब के जल से अभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है जैसे संतान की प्राप्ति लक्ष्मी की धन की प्राप्ति स भी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सभी देवताओं की आत्मा में भगवान सदाशिव रूद्र विराजमान है इनकी पूजा करने से सभी देवों की पूजा हो जाती है भगवान भोलेनाथ महाकाल हैं उनकी पूजा से अकाल मृत्यु का संकट भी दूर हो जाता है।

## इधर, 491 ग्राम गांजा के साथ एक युवक पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी.शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी, श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. अर्पित भैरम द्वारा थाना क्षेत्र में तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

दिनाँक 13.07.2025 को रात्रि में अपराध पतासाजी के दौरान ग्राम बीसावाडी में एक व्यक्ति पुलिस को देखर भगने की कोशिश किया जिसे हमराह स्टाफ के द्वारा दौड कर पकड़ा गया जिसके पास अवैध समान होने की शंका होने पर नाम पता पूछने पर अपनी नाम सुमेरी उर्फ पंडा पिता कुवरलाल वट्टी उम्र 52 साल निवासी बीसावाडी का रहने वाला बताया। जिसके हाथ में रखी प्लास्टिक की पन्नी चेक करने पर 491 ग्राम गांजा अवैध रूप से रखा होना पाया गया। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ रखने के संबंध में कोई वैद्य दस्तावेज लायसेंस न होने से 491 ग्राम गांजी कीमती 4910 रूपये का जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है। आरोपी सुमेरी उर्फ पंडा पिता कुवरलाल वट्टी उम्र 52 साल निवासी बीसावाडी थाना बंडोल जप्ती कुल 491 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा कीमती 4910 रुपये। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी उनि. अर्पित भैरम, सउनि.सी. एल. कुलस्ते, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, प्र.आर. सुखराम कुमरे आर. संतोष डेहरिया, आर. अंकित चौरसिया, चालक राजेश बघेल शामिल रहे।



### प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को सिवनी का दिया निमंत्रण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भारतीय जनता पार्टी की जिले की अध्यक्ष सामान्य मीना विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं की सौजन्य भेंट हुई और प्रदेश अध्यक्ष जी को सिवनी आने का निमंत्रण दिया गया

# सिवनी पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह

**सिवनी पुलिस ने अंतर्राज्यीय नकबजन गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। घटना का विवरण देते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने बताया कि धूमा में दिनांक 18 एवं 19 जूनकी दरम्यानी रात को धूमा मे अज्ञात आरोपीयो के द्वारा संजय ज्वेलर्स धूमा मे सोने चांदी के जेवर, नगदी एवं अन्य घर से एक मो.सा. चोरी कर भाग गये थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिस पर फरियादी संजय चौकसे पिता जगदीश चौकसे उम्र 45 साल निवासी मेन रोड़ धूमा जिला सिवनी और भगवान दास ककोड़िया पिता संतलाल ककोड़िया उम्र 46 साल निवासी टंकी मोहल्ला धूमा जिला सिवनी की रिपोर्ट पर पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया ।

छपारा में दिनांक 23 एवं 24 जून की दरम्यानी रात को छपारा मे भी अज्ञात आरोपीयो के द्वारा ज्वेलरी शॉप एवं सूने घर मे ताला तोडकर सोना चांदी के जेवर चोरी कर भाग गये थे जिस पर पुलिस थाना छपारा मे फरियादी भगवानदास सोनी पिता रुपचंद सोनी उम्र 69 साल निवासी छपारा और फरियादी टेकचंद भारती पिता फंदीलाल भारती उम्र 59 साल निवासी वार्ड नं. 10 विवेकानंद वार्ड छपारा थाना छपारा की रिपोर्ट पर पृथक पृथक अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । उपरोक्त घटित गंभीर घटनाओं की पतारसी हेतु पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को आदेशित किया गया था।

एस.डी.ओ.पी लखनादौन महोदय के नेतृत्व मे जिला स्तरीय पुलिस टीम गठित कर मामले की जांच शुरू की गई। जांच



दौरान पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्य, भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर के माध्यम से अज्ञात आरोपीयो के सबंध मे साक्ष्य एकत्रित किये गये थे। अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्राप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस टीम को जिला ग्वालियर रवाना किया गया।

पुलिस टीम के द्वारा ग्वालियर मे स्थानीय पुलिस की मदद एवं तकनीकी आधार पर 03 आरोपीयों एवं 01 विधि विरूध्द बालक को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई जिन्होने घटना दिनांक को अपने साथियों के साथ मिलकर धूमा और छपारा में ज्वेलरी शॉप और सूने मकान में सोने-चांदी के आभूषण और नगदी रुपये और मोटर साईकिल चोरी कर चोरी कर करना स्वीकार किया गया। जिनसे धूमा एवं छपारा मे चोरी गये सोने चांदी के आभूषण, चोरी मे प्रयुक्त वाहन एवं चोरी मे प्रयुक्त हथियार को जप्त किया गया। प्रकरण मे आरोपीयो को पुलिस रिमाण्ड मे लेकर पूछताछ जारी है। प्रकरण में अन्य फरार आरोपियों की तलाश पतासाजी जारी है। प्रकरण में धारा 25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गई है।

आरोपियों की कार्यप्रणाली- (मॉड्यूस ऑपरेंडी) आरोपीगण घटना कारित करने के पहले उस क्षेत्र में घूमकर रैकी कर लेते है,जिस घर/ दुकान में चोरी करना होता है उसको चिन्हित कर लेते है, फिर आरोपीगण रात्रि के समय करीब 02 से 03 बजे के बीच जब लोग गहरी नींद में होते है उसी दौरान घर या दुकानों के ताले तोडकर घर में घुसकर चोरी करते है।

आरोपीगणो को ताला तोडने का इनको बहुत अनुभव है जिसके कारण आरोपीगण किसी भी प्रकार का ताला आसानी से तोड देते है।गिरफ्तार आरोपी1. सुलतान सिंह पिता नाहर सिंह उम्र 50 साल निवासी खेड़ा थाना बिजोली जिला ग्वालियर2. विनेश सिंह कुशवाह पिता कन्हैयालाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी सिरसोद थाना हस्तिनापुर जिला ग्वालियर3. ब्रजमोहन कुशवाह पिता मानसिंह कुशवाह उम्र 25 साल निवासी ग्राम सिरसोद थाना हस्तिनापुर जिला ग्वालियर4. विधि विरोधी बालक उम्र 17 साल 06 माह निवासी डोंगरपुर ताल थाना बिजोली जिला ग्वालियर ।जब्त मशरूकासफेद रंग की बलेनो कार क्रमांक एमपी-07-ज़्ज़-3049 कीमती करीब 10 लाख रूपये।सफेद रंग की बोलेरो कार सफेद रंग की बोलेरो कार क्र. एमपी-07-सीजी-5110 कीमती करीब 08 लाख रूपये । 11 किलो ग्राम नयी और पुरानी चांदी कीमती करीब 11 लाख रूपये । एक देशी कट्टा और 05 नग राउंड कीमती करीबन 50 हजार रूपये । सोने के आभूषण कीमती करीब 05 लाख रूपये ।कुल बरामद मशरूका 34 लाख 50 हजार रूपये ।महत्वपूर्ण भूमिका - अपूर्व भलावी एस.डी. ओ.पी लखनादौन, निरीक्षक मोहनीस सिह बैस थाना प्रभारी बरघाट, निरी० खेमेन्द्र जैतवार थाना प्रभारी छपारा, उनि० शत्रुघन पटले थाना प्रभारी धूमा, थाना धूमा से- सउनि सौरभ शर्मा, आर. 489 अरूण पटेल, आर. 111 नेक सिह, आर. 636 भैय्यन अंसारी, थाना छपारा से-उनि0 सुक्कूलाल उइके, प्र.आर. 451 मूल सिह उइके, आर. 456 गजानंद वर्मा, आर. 253 रामनरेश, थाना लखनादौन से आर. 43 नवनीत पाण्डेय थाना बरघाट से-प्र.आर. 366 शेखर बघेल, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिवनी से प्र.आर. 490 योगेश राजपूत सायबर सेल सिवनी से सउनि देवेन्द्र जायसवाल, आर. अजय बघेल, आर. विनय चौरिया और पुलिस थाना बिजोली जिला ग्वालियर से आर. 1923 अरूण पवैया का सराहनी योगदान रहा।


# अब पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन को मण्डला तक बढ़ाये जाने की उठी माँग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

केवलारी ,लोकसभा क्षेत्र मण्डला जोकि अपने ऐतिहासिक गोंडवाना साम्राज्य की विरासत को समेटे हुए ,आदिवासी बहुल अंचल क्षेत्र एवं मां नर्मदा के तट के किनारे वसी पौराणिक महत्व की धार्मिक नगरी मंडला जो की आजादी के समय से ही रेल सुविधाओं के लिए अंग्रेजों के द्वारा चलाई गई नेरोगेज ट्रेन जिसे आम भाषा में छोटी रेल लाइन कहा जाता हैं। लगभग 100 वर्षों तक बड़ी ही मुसीबत और परेशानियों, कष्ट के साथ यातायात आवागमन का यह साधन आम नागरिक गरीब मजदूर जनता की रोजी-रोटी मजदूर व्यवसाय छात्र-छात्राओं के पढ़ाई लिखाई के साधन के लिए उपयोग में लाया जाता रहा हैं।

देश के आजाद होने के 70 साल बाद भी यह रेलवे का गेज परिवर्तन नही हो पाया।जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई है तब से मंडला सिवनी बालाघाट जैसे अत्यंत पिछड़े जिलों में बड़ी लाइन ब्रॉड गेज रेलयात्री सुविधाओं के लिए बड़ी ही तेजी से कार्य किया गया जिसके फल स्वरुप गेज परिवर्तन में छोटी लाइन नेरोगेज ट्रेन के बंद होने के 5 वर्ष के अंदर ही सारे रेलवे ट्रैक को बदलकर बड़ी लाइन ब्रॉड गेज के रूप में देखने को मिली। जिससे इन अंचलों के ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र वासियों आम जनता को फायदा मिलना शुरू हुआ वर्तमान में क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते के द्वारा रेल सुविधाओं को लगातार बढ़ाने के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखे गये,पत्राचार किया गया। जिस पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन रेलयात्रियों सुविधाओं को असली जामा पहनाने के लिए लगातार इन माँगो को स्वीकार कर यथार्थ रूप में लाया गया। जिसके फल स्वरुप सिवनी से चलने वाली पेंचव्हेली एक्सप्रेस ट्रेन को बढ़ाकर नैनपुर से प्रारम्भ होकर इंदौर तक जाएगी। इस सुविधा से ग्रामीण अंचल, आदिवासी अंचल के गरीब, मजदूर ,आम जनता ,व्यवसायी वर्ग,पढ़ने वाले छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए सस्ता सुलभ रेल यातायात का साधन उपलब्ध हो गया।

पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन सिवनी फिरोजपुर पंजाब को मण्डला से चलाई जाए



केवलारी नागरिक जागरूक मंच के मंच के सुधीर पाण्डे साँसद प्रतिनिधि, मनीष जैन, रमाशंकर महोबिया, हाजी रफीक खान,संजय पाण्डे, राकेश आत्मपूज्य,एड पवन यादव, बबलू खान,राजू मेहरा,अरुण चंद्रोल,प्रवीण दुबे,स्वप्निल उपाध्याय,पवन बघेल मलारा,जमुना अहिरवार,प्रीतम पाल,धरम चन्द जैन,मोहित उपाध्याय, आनंद जैन,सहित आम जनता ने पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते से मांग की है कि वह रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्राचार कर,क्षेत्र की जनता की आदिवासी बहुल इलाकों को सीधे भोपाल,दतिया, झाँसी, ग्वालियर, मथुरा वृंदावन, आगरा ,दिल्ली, फिरोजपुर पंजाब से जोड़ने की माँग रखकर, सिवनी से फिरोजपुर एक्सप्रेस क्रमांक 20423/ 20424 को मंडला से चलाई जाने एवं इस ट्रेन का स्टापेज केवलारी, पलारी,रेलवे स्टेशन में जरूर रखा जाये ताकि रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी। जिससे ग्रामीण आदिवासी अंचल बहुल क्षेत्र के लोगों का सीधा संपर्क,उच्च शिक्षा एवं व्यवसाय, रोजी-रोटी मजदूरी कमाने के लिए ,धार्मिक, पौराणिक, ऐतहासिक,व्यवसायिक क्षेत्रों से हो सकेगा।

### केवलारी रेलवे स्टेशन में रेलवे आरक्षण टिकट बुकिंग खिड़की खोली जाए

छोटी रेल लाइन के समय से केवलारी रेलवे स्टेशन में रेलवे आरक्षण की सुविधा उपलब्ध थी परंतु अब ब्राडगेज होने के उपरांत यह रेल यात्री सुविधा यहां पर नहीं है,इसके लिये लोंगो को 25 किलोमीटर दूर नैनपुर जाकर रेल आरक्षण करवाना पड़ता हैं। क्षेत्रीय सांसद से लोगों ने मांग की है आम जनता मंडल सिवनी जिले की जनता को इंदौर भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन मिलने के बाद धार्मिक नगरी सिवनी मध्यप्रदेश से फिरोजपुर पंजाब के बीच चलने वाली ट्रेन को आदिवासी बहुल क्षेत्र मण्डला से चलायी जाने की माँग की गयी हैं।

केवलारी रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन का 2 मिनट का स्टॉपेज होना बहुत जरूरी है केवलारी रेलवे स्टेशन में 2 मिनट की स्टॉपेज से लगभग 200 गांव की जनता को रीवा नागपुर जाने आने का साधन सुलभ होगा । यह केवलारी रेलवे स्टेशन वैसे भी राजस्व की दृष्टि से,रेलवे यार्ड के माध्यम से, टिकिट बिक्री के हिसाब से रेलवे को प्रतिदिन, प्रतिमाह लाखों की आय देते आ रहा है ।इस ट्रेन के स्टॉपेज से रेलवे की आय में इजाफा होगा। आदिवासी बहुल क्षेत्र को बड़ी रेल,ब्राडगेज सुविधा दिलवाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्थानीय सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते,रेलवे विभाग के रेल महाप्रबंधक, रेलवे के कमर्शियल विभाग,एवं नागपुर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डी आर एम महोदय से शीघ्र ही इन माँगो की ओर ध्यान देते हुए, रेल सुविधाओं को बढ़ाने की अपील की गयी हैं।

## खरसारू रोड निर्माण मे ठेकेदार ओर प्रभारी एसडीओ की जुगलबंदी ने किया गुणवत्ताहीन कार्य!

**केवलारी-** डोभ से लेकर खरसारू तक 8 किलोमीटर रोड का निर्माण 9 करोड़ 70 लाख की स्वीकृति के साथ मेसर्स नीरज चौकसे कॉन्ट्रेक्टर नरसिंहपुर को ठेका मिला था। 10 अप्रैल 2023 से रोड निर्माण का काम चालु किया हुआ है। 2 बर्ष से अधिक का समय हो गया अभी भी रोड मे काम चल रहा है । 8 किलोमीटर बनने बाली रोड दिनांक 16 जून की पहली ही बर्षा मे भ्रष्टाचार की कहानी बताने लगी थी।



लोकनिर्माण विभाग केवलारी के प्रभारी एसडीओ ईई लोकनिर्माण विभाग सिवनी एवं ठेकेदार की मिली भगत से रोड निर्माण मे ना तो लूज मटेरियल निकाला गया ना ही पीडब्ल्यूडी के अनुबंधित सीएसआर के मुताबिक कंसालिडेसन हुआ,तकनीकी स्वीकृति मटेरियल को ना लगाते हुये लेबलिंग कर टायरिंग कर दिया गया । इंजीनियरिंग की भाषा मे यु कहे फाउंडेशन ट्रीटमेंट हुआ ही नही ओर काम चालु कर दिया गया था।रोड मे बनी पुलियो मे कांक्रीट के निचले स्तर पर बोल्डर पत्थर भरकर आरसीसी वर्क को कागजो मे काला कर करोड़ों रुपया आहरित कर लिया गया ।खरसारू पुलिया के पुराने जल निकासी पाइपो को बगैर निकाले ही साइड से पुल बना दिया गया ।

मलारा डोभ के बीच मे बनी पुलिया की एप्रोच रोड पहली ही बारिश मे फट गयी जगह जगह रोड मे तिड्कन दिखाई देने लगी थी इसका समाचार प्रकाशन होने के बाद मुरम डालकर दबा दिया गया डोब नाला के स्लेब मे आरसीसी रेशो की भिन्नता होने के कारण स्लेप का उपरी हिस्सा मे सिमेंट उखड़ने लगी ।लोक निर्माण विभाग के प्रभारी एसडीओ ,ईई ओर ठेकेदार की मिली भगत से करोड़ों पेयमेंट निकालने के लिए भरी बरसात मे काम किया जा रहा ।

## सूरज तो उजाला देता है मगर रोशनी के लिए आंखें खोलनी पड़ती है

# भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष की उपस्थिति में संवाद यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

**भारतीय जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंद किशोर सांखला के नेतृत्व में श्री श्वेताम्बर जैन मंदिर सिवनी में समाज के विभिन्न विषयों को लेकर संवाद यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया सभी का तिलक वंदन कर स्वागत किया गया।**



इस दौरान महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं मूल्य शिक्षा बच्चों का बदलता व्यवहार, प्रकृति का अत्याधिक दोहन नशीले पदार्थो का सेवन केरियर मार्गदर्शन, असुरक्षित महिलायें आदि समाज के ज्वलंत मुद्दो पर आपने अपनी बात रखी। श्री सांखला ने बताया कि यह संगठन सिर्फ जैन समाज में नहींअपितु हर समाज के बीच में कार्य करता है तथा समाज में बालक बालिकाओं के सोच में आ रहे परिवर्तन से समाज को उबारने के लिए यह संगठन प्रयासरत है 8-10 वर्ष बच्चों के जीवन में क्या परिवर्तन होगा इस बात को लेकर यह संगठन कार्य कर रहा है। संगठन के राष्ट्रीय महासचिव दीपक चौपड़ा ने संख्या के इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर जबलपुर रीजनल अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोदी ने कहा कि 84 लाख योनी योनियों में भटकने के बाद हमें मानव जन्म प्राप्त हुआ है जैन समाज में लगभग 17 हजार महाराज है जो समाजों को दिशा दे रहे है, लेकिन सूरज तो रोशनी देता है मगर रोशनी प्राप्त करने के लिएआंखे खोलनी पड़ती है अंधकार के लिए दीपक जलाना जरूरी है लेकिन हम आंखे नहीं खोलेगे तो हमें अंधकार ही नजर आयेगा। इस अवसर पर संगठन के जिला अध्यक्ष संजय मालू ने कहा कि सिवनी में संगठनों कैरियर मार्गदर्शन कारोनाकाल में अनेक उपकरण सहित अनेक सुविधा प्रदान की है तथा लगातार प्रयासरत है कार्यक्रम के अंत में आभार सुजीत नाहटा द्वारा व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेश दिवाकर सुजीत जैन दिंगबर समाज के पवन दिवाकर सुदर्शन बाझल, मिलन बाझल, पारस जैन, संजय जैन, सुनील नाहर, यशोधर दिवाकर संतोष जैन अनिल नाहटा, शीतल नाहटा, अतुल मालू, प्रवीण चंद्र मालू, प्रशांत जैन सुधीर नाहटा, नवीन भूरा प्रवीण मालू सहित तरणतारण समाज से सुजीत जैन पीयूष जैन सहित अनेक लोग उपस्थित हुए कार्यक्रम का संचालन विपनेश जैन ने किया।

### घंसौर में चातुर्मास कलश स्थापना का कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न

**घंसौर** / नगर में अध्यात्म की धारा उस समय प्रवाहित हुई जब चातुर्मास के शुभ अवसर पर जैन धर्म की तपस्विनी साध्वी पूज्य उपशांतमति माताजी ससंघ के सान्निध्य में कलश स्थापना का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज एवं नवाचार्य श्री समयसागर महाराज की परंपरा में दीक्षित पूज्य माताजी के 29वें पावन वर्षायोग का प्रारंभ है। कार्यक्रम का संपूर्ण निर्देशन ललितपुर से पधारे श्रद्धेय प्रदीप भैया जी की कुशल निगरानी में किया गया। कलश स्थापना पूर्व शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भाग लिया।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एस.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-डी इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी सभी प्रकार की जाँच सुविधा
जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## खाद्य की कमी और आपदा की मार झेल रहा किसान, तालाबों का कार्य जल्द करायें: विवेक पटेल

# किसानों की मांग पर कांग्रेस ने किया कलेक्ट्रेट घेराव

### विधायक विवेक पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






वारासिवनी क्षेत्र के किसानों ने विधायक विवेक पटेल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव किया। किसानों की मांग थी कि क्षेत्र में सहकारी समितियों से पर्याप्त मात्रा में उर्वरक नहीं मिल रहा हैं और पिछली मुसलाधार बारिश के कारण तालाबों के फुटने से खेत बर्बाद हो गया हैं, जिसका मुआवजा मिलना चाहिए। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार सहित कांग्रेस कार्यक्रता मौजूद रहें एवं शांति पूर्वक तरीके से विधायक व किसानों ने कलेक्टर मृणाल मीणा के समक्ष अपनी समस्याएं रखी, जिसमें किसानों को आश्वासन दिया हैं कि पर्याप्त मात्रा में उर्वरक सेवा सहकारी समितियों में हैं, जो किसानों को वितरण किया जायेगा और बारिश की वजह से तालाब फुट गए हैं उसकी मरम्मत का भी कार्य किया जायेगा।

जानकारी अनुसार, वारासिवनी क्षेत्र के बकेरा, बासी, उमरवाड़ा, लालपुर सहित दर्जन से अधिक गांव के सैकड़ो किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि सोसायटी में पिछले एक माह से उर्वरक नहीं हैं, जिसकी आपूर्ती किसानों को नहीं हो रहीं हैं। किसानों को पर्याप्त खाद्द नहीं मिलता हैं अब किसान धान का रोपा लगा रहा हैं और उस रोपा लगाते वक्त खाद्द नहीं मिल रहा हैं, वहीं किसानों को एक एकड़ में एक बोरी ही मिल रहीं हैं ऐसे में फसल की पैदावार कैसे होगीं। वहीं पिछली बारिश में वर्षो पुराने तालाब फुट गए जिससे खेती व फसल नष्ट हो गई। किसानों ने कहा कि हमे खाद और फसल नुकसानी पर मुआवजा नही मिला, तो क्षेत्र के किसान आंदोलन भी करेगें।

### विधायक ने सरकार को घेरा

वारासिवनी-खैरलांजी के विधायक विवेक पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा हमेशा कहा जाता हैं, कि खेती को लाभ का धंधा बनाया जाएगा, और उन्होने कहा था कि 2022 में किसानों की आय दुगुनी होंगी, आय तो दुगुनी नहीं हुई पर लागत जरूर दुगुनी हो गई हैं। वहीं नकली उर्वरक एवं बीज खुले आम बाजारों में बिक रहा हैं, जिस कारण किसानों के फसल उत्पादन में निरंतर गिरावट आ रही हैं। क्षेत्र की सहकारी समितियों में डी.ए.पी. एवं एन.पी.के. खाद उपलब्ध नही हैं, जबकि किसानों द्वारा रोपाई का कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं। प्रशासन द्वारा तत्काल सहकारी समितियों में रासायनिक खाद एवं उर्वरकों की आपूर्ति की जाए।

### किसानों को मुआवजा मिले

विधायक विवेक पटेल ने आगे कहा कि सरकारी आंकड़ो के मुताबिक 09 जुलाई की स्थिति में 858 मिली मीटर वर्षा रिकार्ड में दर्ज की गई जिसने अतिवृष्टि के रूप में संपूर्ण रिकार्ड तोड़ दिए इस अतिवृष्टि से किसानों द्वारा खेतों मे लगाई गया रोपा, जल प्लावन के कारण बह गया। जिसका तत्काल हल्का पटवारी, कृषि विभाग एवं पंचायत विभाग की संयुक्त टीम बनाकर सर्वे किया। उन्होने आगे कहा कि अतिवृष्टि के कारण क्षेत्र के बड़े एवं प्राचीन तालाबों की मेढ़, कई सडक़े एवं छोटे पुल-पुलिया टूट गई, जिससे बाढ़ जैसे हालात निर्मित हुए किसानों के रोपे बह गए एवं मछुवारों द्वारा तालाबों में मत्स्य पालन हेतु डाले गई मछली के बीज बह गए, साथ ही कई मकान गिर गए एवं कुछ जनहानि भी हुई इन सभी का शासन द्वारा तत्काल सर्वे कराकर आम-जन को मुआवजा प्रदान किया जाए, एवं टूटे हुए तालाब, सडक़, पुल-पुलिया की तत्काल मरम्मत कर निर्माण किया जाए, साथ ही जिनके मकान बारिश के कारण टूटकर गिर गए उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभप्रदान किया जाए।

### सहकारी समिति में उर्वरक का पर्याप्त भंडार: कृषि अधिकारी

उपसंचालक कृषि फुल सिंह मालवीय ने बताया गया कि दो दिन पूर्व ही जिले में 1475 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक की एक रेक बालाघाट पहुंचा है और यह उर्वरक सहकारी समितियों में पहुंचा दिया गया है। अगले 4-5 दिनों में 1250 मीट्रिक टन उर्वरक का रेक लेकर एक मालगाड़ी बालाघाट पहुंचने वाली है। कृष्णा फर्टीलाईजर कम्पनी का 20:20:00:13 उर्वरक, ईफ्को कम्पनी का डीएपी एवं कृष्णा कम्पनी का सुपर फास्फेट उर्वरक लेकर मालगाड़ी के रेक शीघ्र बालाघाट पहुंचने वाले है। जिले की जिन समितियों में उर्वरक की कमी थी वहां पर उर्वरक पहुंचा दिया गया है। वर्तमान समय में जिले में समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पहुंच गया है और आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

### इनका कहना हैं

किसानों को समय पर सोसायटियों से खाद ना मिलने से परेशान है और उनकी परेशानी आज आक्रोश में रूप में सामने आई, सोसायटियों से खाद्य दिलवाने और फसल नुकसानी का मुआवजा देने की मांग रखी। किसानो को खाद्य नहीं मिला, तो हम विधानसभा में इस मुद्दे को जरूर उठायेगें।

**विवेक पटेल, विधायक, वारासिवनी**

किसान परेशान हैं, शासन के पास कमी हैं प्रशासन के पास किस तरह से चला रहा हैं जैसे ऊंट के मुंह में जीरा हैं। हमने खाद्द के लिए कलेक्टर से मांग रखी गई, कलेक्टर से आश्वासन मिला हैं कि रेक आते ही सभी सोसायटी में खाद्द भेजा जायेगा। हमने ज्ञापन सौंपा हैं, विधानसभा में किसानों की आवाज उठायेंगे और शासन व प्रशासन को घेरेगें।

**मधु भगत, विधायक परसवाड़ा**

## गुस्साए किसान और स्थानीय निवासी सड़क पर उतर आए, पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप

# हाईवे पर लगा 2 घंटे जाम, पुलिस ने सड़क से लोगों को हटाया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट-नैनपुर हाईवे पर कुम्हारी में सोमवार दोपहर 1 बजे ग्रामीणों ने 200 केवीए ट्रांसफार्मर की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क पर टायर जलाकर रास्ता रोक दिया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई।**

कुम्हारी में पहले से लगा 200 केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था। विद्युत कंपनी ने 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगाने की कोशिश की। इससे नाराज होकर किसान और स्थानीय निवासी सड़क पर उतर आए।

### 200 केवीए का ट्रांसफार्मर दो दिन में लगाने का दिया आश्वासन

सूचना मिलते ही तहसीलदार भूपेन्द्र अहिरवार मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत कंपनी के अधिकारियों से बात की और ग्रामीणों को दो दिन में 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करीब दो घंटे तक चला। तीन बजे लोगों ने सड़क खाली कर दी।

पुलिस ने आवागमन बहाल करने के लिए प्रदर्शनकारियों को हटाया और जल रहे टायर को अलग किया। ग्रामीणों ने पुलिस पर लाठीचार्ज का आरोप लगाया। हालांकि तहसीलदार ने किसी बल प्रयोग से इनकार किया है। फिलहाल मार्ग पर यातायात सामान्य हो गया है और सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया



## पुलिस की बड़ी कामयाबी दो बड़ी चोरियों का पर्दाफाश



### जिले के थाना ग्रामीण एवं थाना कोतवाली अंतर्गत हुई चोरियों का बड़ा खुलासा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट पुलिस ने सोमवार को कोतवाली और ग्रामीण थाना क्षेत्र में हुई 25 लाख रुपए की चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी आदतन अपराधी हैं।पुलिस ने आरोपियों का जुलूस निकालकर उन्हें पीड़ित परिवारों के पास ले गए। आरोपियों ने पीड़ितों से माफी मांगी। जुलूस के दौरान चोर 'चोरी करना पाप है' का नारा लगा रहे थे।

पुलिस ने बताया कि ग्रामीण थाना क्षेत्र के बालाजी नगर कोसमी निवासी पंकज शर्मा और कोतवाली क्षेत्र के भटेरा निवासी गायत्री पटले के घरों में चोरी हुई थी। मामले की जांच के लिए 10 टीमों का गठन किया गया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। कोसमी की चोरी में हाल ही में जेल से छूटे राहुल उर्फ गेंडा से पूछताछ की। उससे पता चला कि चोरी के बाद आरोपी रेलवे स्टेशन पर मिले थे। वहीं माल का बंटवारा किया गया था।

दो आरोपी राजेश उर्फ छोटू साहू और नील उर्फ नीलेश पटले चोरी का सामान लेकर मुंबई भाग गए थे। पुलिस टीम ने मुंबई जाकर 5 दिन की तलाश के बाद दोनों को गिरफ्तार किया। उनके पास से चोरी के जेवरात बरामद किए गए।

कुल 8 आरोपियों में से 3 आरोपी ग्रामीण थाना की चोरी में और 5 आरोपी कोतवाली थाने की चोरी में शामिल थे। पुलिस ने सभी आरोपियों को सोमवार को मीडिया के सामने पेश किया।

सीएसपी वैशाली सिंह कराहलिया ने चोरियों के बारे बताया कि दोनों ही चोरी में मशरूका बरामद कर लिया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया गया है।

## नि:शुल्क साईकिल पाकर खुश हुए छात्र

हरिभूमि न्यूज उकवा।



शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2004_2005 से एक बहुत ही अभिनव पहल करते हुए ,ऐसे छात्र छात्राएं जिनकी ग्राम में कोई मिडिल अथवा हाई स्कूल नहीं है,या जो भी छात्र दो किलोमीटर दूर से स्कूल आना जाना करते है,उनकी शिक्षा बिना किसी रुकावट के चलती रहे इस उद्देश्य से उन्हें मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिवर्ष सायकल प्रदान किया जाता है,इस वर्ष भी मोहन यादव सरकार द्वारा राज्य के लगभग पंद्रह लाख बच्चों को स्कूल आने जाने हेतु साइकल प्रदान की जा रही है,इसी कड़ी में उकवा हायर सेकेंडरी स्कूल में भी बच्चों को निःशुल्क साइकल का वितरण उकवा वरिष्ठ भाजपा नेता मुरली नर्सवानी ,ग्राम सरपंच अनुसुइया क्षत्रिय,सामाजिक कार्यकर्ता एवं सर्वधर्म सेवा समिति उकवा के अध्यक जेम्स बारीक, पालक संघ सदस्य शिव कोहरे आदि की गरिमामई उपस्थिति में इस वर्ष स्कूल के लगभग 70 बच्चों को निःशुल्क साइकल का वितरण किया गया ,जिसे पा कर बच्चों के चेहरे खिल उठे, और सभी बच्चे अति हर्षित हुए,क्यूंकि इस स्कूल में बहुत दूर दूर के बच्चे शिक्षा अध्ययन करने आते है,जो अब आसानी से उकवा अपने स्कूल आ और जा सकेंगे,उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था प्राचार्य राजेंद्र भटेरे,उप प्राचार्य कपिल मेश्राम,वरिष्ठ शिक्षक डीएल ठाकरे,शारदा फूलबांधे,वराडे सर,आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बैंकिंग कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट मुख्यालय द्वारा 14 जुलाई 2025 को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीणा के मार्गदर्शन में प्र.मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.जोशी द्वारा बैंकिंग कार्यों की समीक्षा करते हुए शाखा प्रबंधको, पर्यवेक्षको, संस्था प्रबंधको और समिति कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर राजेश नगपुरे विभाग प्रमुख फिल्ड, सारंग बिसेन, अमरेश परिहार इन्वेटरी मैनेजर, राजनंदनी परिहार, नीरज बिसेन सहकारी प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

समीक्षा के दौरान श्री जोशी ने निर्देशित किया कि खाद का वितरण नियमानुसार करे। इसके अलावा खरीफ ऋण वितरण, पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, खातो को आधार से लिंक, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से अधिक अधिक हितग्राहियों को इस योजना में शामिल करने के लिए शाखावार लक्ष्य प्रदाय किया गया था, जिसकी विस्तार से समीक्षा की गई। इसी तारतम्य में केआरपी पोर्टल में प्रविष्टि, खरीफ 2025 में फसल बीमा, रुपे केसीसी कार्ड वितरण, समितियों के पुर्नगठन और मध्यमकालीन ऋण प्रकरणों में गति के साथ कार्य करने निर्देशित किया। श्री जोशी ने कहा कि बैंक मुख्यालय से दिए गए लक्ष्यों को समय-सीमा में पूर्ण करे अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी।

## भौरगढ से टेमनी सड़क क्षतिग्रस्त आवाजाही में परेशानी, दुरस्त करने की रखी मांग

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



भौरगढ से टेमनी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है जिसके कारण आवागमन प्रभावित होता है। मार्ग से चलने वाले राहगीरो ने सड़क दुरस्त करने की मांग की गई। जानकारी अनुसार यह सड़क लोकनिर्माण विभाग के अंतर्गत आती है जो करीब 2 किलोमीटर लम्बी दूरी की है। यह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है , मार्ग में जगह जगह से डामर की परत उखड कर गिट्टी निकल गई है और गड्ढे निर्मित हो गए है जिसके कारण राहगीरो को आवाजाही करने में परेशानी होती है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत आने जाने वाले राहगीरो को दिक्कत महसूस होती है, सावधानी न बरतने पर दुर्घटना होने की अक्सर संभावना बनती है। मार्ग से गुजरने वाले राहगीरो के सुविधा के लिए सड़क दुरस्त करने की जरूरत है । एक ओर यह मार्ग भौरगढ से टेमनी होते हुए महाराष्ट्र की ओर जाता है। तो दूसरी ओर खैरी खैरलांजी की ओर जाता है । अक्सर मार्ग से मुसाफिर अपने गंतव्य की ओर सफर तय करते है लेकिन सड़क क्षतिग्रस्त होने से दिक्कत महसूस होती है ।राहगीरो ने सड़क दुरस्त करने की मांग की है ।

## कलेक्टर ने टीएल बैठक में की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा ने 14 जुलाई को टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर श्री आकाश अग्रवाल, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, संयुक्त कलेक्टर श्री राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर श्री एमआर धुर्वे एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**सहकारी समिति में उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध:** बैठक में सर्वप्रथम जिले में उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा की गई। इस दौरान उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि दो दिन पूर्व ही जिले में 1475 मीट्रिक टन डीएपी उर्वरक लेकर मालगाड़ी का एक रेक बालाघाट पहुंचा है और यह उर्वरक सहकारी समितियों में पहुंचा दिया गया है। अगले 4-5 दिनों में 1250 मीट्रिक टन उर्वरक का रेक लेकर एक मालगाड़ी बालाघाट पहुंचने वाली है। कृष्णा फर्टीलाईजर कम्पनी का 20:20:00:13 उर्वरक, ईफ्को कम्पनी का डीएपी एवं कृष्णा कम्पनी का सुपर फास्फेट उर्वरक लेकर मालगाड़ी के रेक शीघ्र बालाघाट पहुंचने वाले है। जिले की जिन समितियों में उर्वरक की कमी थी वहां पर उर्वरक पहुंचा दिया गया है। वर्तमान समय में जिले में समितियों के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक पहुंच गया है और आवश्यकता के अनुसार उर्वरक की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

**डबल लॉक केंद्रो में उर्वरक विक्रय के 02-02 काउंटर खोलने के निर्देश:** कलेक्टर श्री मीणा ने उपसंचालक कृषि, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी को निर्देशित किया कि सहकारी समितियों से किसानों को उर्वरक का शीघ्रता से वितरण किया जाए। जिले में कहीं से भी उर्वरक की कमी की शिकायत नही आना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी डबल लॉक केंद्रो में प्राईवेट वेंडर को दो-दो काउंटर तत्काल खोलने के निर्देश दिए। जिससे किसान डबल लॉक केंद्रो के इन काउंटर से उर्वरक क्रय कर सकेंगे। कलेक्टर श्री मीणा ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र में सहकारी समितियों से उर्वरक वितरण पर कड़ी निगरानी रखे और इसकी सतत समीक्षा करें। किसानों को उर्वरक के लिए परेशान न होना पड़े और उन्हें सुगमता से आवश्यकता के अनुसार उर्वरक प्राप्त हो ऐसी व्यवस्था बनाए।

## जनजातीय कार्य विभाग की परामर्शदायी समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बालाघाट।** जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत पदस्थ विभागीय शिक्षकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए 14 जुलाई को विभागीय परामर्शदायी समिति की बैठक का आयोजन किया किया गया। संयुक्त कलेक्टर व प्रभारी सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री राहुल नायक की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभाग से संबंधित मान्यवता प्राप्त संगठनो के द्वारा प्रस्तुत एजेण्डों पर बिंदुवार चर्चा की गई।

## सर्पदंश के प्रति जनजागरूकता के लिए बम्हनी में आयोजित हुआ कार्यक्रम

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशन एवं जिला सेनानी श्रीमती रजनी खटीक के मार्गदर्शन में सर्पदंश से बचाव एवं राहत के लिए 14 जुलाई को लालबर्रा विकासखंड के ग्राम बम्हनी में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार कन्हैया लाल तेकाम तथा बम्हनी स्कूल का शिक्षक स्टॉफ भी शामिल रहा। लालबर्रा विकासखंड अंतर्गत ग्राम बम्हनी के शासकीय स्कूल में 14 जुलाई को सर्पदंश से होने वाली घटना से किस प्रकार बचा जा सकता है इस पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस दौरान स्कूल के विद्यार्थियों के साथ सभी शिक्षक स्टॉफ को बताया गया कि सर्पदंश से होने वाली घटना एवं घटना में सावधानियाँ, लक्षण, आपातकालीन नम्बर एवं पीडित व्यक्ति को अस्पताल ले जाने के उपाय के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

